# PRESIDENT OF INDIA INAUGURATES/LAYS FOUNDATION STONE FOR VARIOUS PROJECTS OF MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY

**Rashtrapati Bhavan : 01.07.2025**

The President of India, Smt Droupadi Murmu inaugurated and laid the foundation stone for various projects of Mahayogi Gorakhnath University at Gorakhpur, Uttar Pradesh, today (July 1, 2025). It included the inauguration of the Auditorium, the Academic Block and the Panchkarma Kendra and laying of the foundation stone for a new Girls' Hostel.

Scanned with OKEN Scanner





Scanned with OKEN Scanner

**उत्तर प्रदेश सरकार**

**लोक निर्माण विभाग**

कार्यालय प्रमुख अभियंता (परिकल्प/नियोजन)
Office of Engineer-in-Chief
(Design & Planning)
उ0प्र0 लो0नि0वि0, लखनऊ-226001
UP PWD, Lucknow-226001

96 महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ-226001
96, Mahatma Gandhi Marg, Lucknow
Office : 0522-2236610
Fax No. : 0522-2236879
E-mail : eincdp@gmail.com

पत्र संख्या: 338 /कैम्प-प्र0अभि0(परि0/नियो0)/25-(भवन)

दिनांक: 19 .07.2025

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता,
पी0एम0जी0एस0वाई0,
लोक निर्माण विभाग,
लखनऊ।

अभी हाल ही में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में एक समिति द्वारा महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर का निरीक्षण किया गया था, जिसमें अभी कई कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं एवं कई कार्यों की गुणवत्ता भी खराब पाई गयी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप जनपद गोरखपुर में दिनांक 31.7.2025 तक अवस्थान करते हुए महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के सभी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराते हुए अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

(विजय कनौजिया)
प्रमुख अभियन्ता (परि0/नि0)
लो0नि0वि0, लखनऊ

**प्रतिलिपि** निजी सचिव, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के संज्ञान में लाने हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अवाश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (भवन), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।

प्रमुख अभियन्ता (परि0/नि0)
लो0नि0वि0, लखनऊ

Scanned with OKEN Scanner

# निरीक्षण आख्या

ई0पी0सी0 मोड पर निर्माणाधीन महायोगी गुरू गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर का निरीक्षण दिनांक 14.07.2025 से 16.07.2025 के मध्य निम्न समिति द्वारा किया गया:-

1- विजय कनौजिया, प्रमुख अभियन्ता (परि0/नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
2- यू0के0 सिंह, मुख्य अभियन्ता, वि0/यां0, लो0नि0वि0, लखनऊ।
3- के0के0 श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, लो0नि0वि0, लखनऊ।
4- सत्यवीर, अधीक्षण अभियन्ता, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ।
5- दिनेश कुमार वर्मा, अधीक्षण अभियन्ता, वि0/यां0 खण्ड, लो0नि0वि0, गोरखपुर ।
6- आशुतोष वर्मा, सहायक अभियन्ता, रोड सेफ्टी खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ।
7- विजय कुमार, अवर अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखनऊ।

उक्त परियोजना के निरीक्षण हेतु कार्यस्थल पर निम्न अधिकारी व ठेकेदार के प्रतिनिधि एवं परामर्शी उपस्थित रहें:-

1- सुनील सागर, अधीक्षण अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 वृत्त, लो0नि0वि0, गोरखपुर।
2- अर्जुन मित्रा, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, गोरखपुर।
3- दिनेश शर्मा, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, गोरखपुर।
4- स्वप्रिल चतुर्वेदी, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, गोरखपुर।
5- भगवन्त, अवर अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, गोरखपुर।
6- राजेश यादव, अवर अभियन्ता, निर्माण खण्ड (भवन), लो0नि0वि0, गोरखपुर।
7- गजेश यादव, पी0एम0सी0 मे0 स्काईलाइन आर्किटेक्चरल, लखनऊ।
8- जुबीन सिक्का, प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर, ई0पी0सी0 कान्ट्रेक्टर मे0 विजय निर्माण कम्पनी प्रा0लि0, बंगलुरू, कर्नाटक।

| | | |
|---|---|---|
| **1-परियोजना का विवरण** | - | **परियोजना के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा निम्नवत् अवगत कराया गया।** |
| **कार्य का नाम** | - | Design, Engineering, Procurement and Construction of Maha Yogi Guru Gorakhnath Ayush University at Gorakhpur, Uttar Pradesh, INDIA on EPC Basis |
| **परियोजना की स्वीकृत लागत** | - | 267.50 crores |
| **परामर्शी का नाम** | - | स्काईलाइन आर्किटेक्चरल कन्सलटेन्ट लखनऊ |
| **परामर्शी अनुबन्ध की लागत** | - | 1.26 crores |
| **स्वीकृति का विवरण** | - | 34/2021/3125/96-आयुष-1-2021-214/2018 टी0सी0, आयुष अनुभाग-1, लखनऊ दिनांक 24.08.2021 |
| **ठेकेदार का नाम** | - | मे0 विजय निर्माण कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, बंगलुरू, कर्नाटक |
| **कार्य प्रारम्भ का तिथि** | - | 03.01.2022 (अनुबन्ध के अनुसार) |
| **कार्य पूर्ण होने की तिथि** | - | 02.07.2023 (अनुबन्ध के अनुसार) |
| **कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि** | - | 30.11.2025 |
| **निविदा की लागत** | - | 245.50 crores (12% GST सहित) |
| **अनुबन्ध की लागत** | - | 220.70 crores (12% GST सहित) |
| **कुल आवंटित धनराशि** | - | 254.1303 crores |
| **अनुबन्ध के सापेक्ष कुल व्यय** | - | 228.52 crores (18 % GST एवं लागत 7.21 करोड़ के Extra Item सहित) |

कार्य स्थल के निरीक्षण से पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय के साथ उनके गेस्ट हाउस से संचालित अस्थायी कार्यालय कक्ष में परियोजना की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गयी जिसमें उनके द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 25.07.2025 के बाद कभी भी प्रथम वर्ष में प्रवेश की अनुमति (एल0ओ0पी0) हेतु आयुष समिति द्वारा विजिट किया जाना प्रस्तावित है। एल0ओ0पी0 के दृष्टिगत प्राथमिकता के आधार पर निम्न कार्य कराये जाने हेतु कुलपति महोदय द्वारा अपेक्षा की गयी:-



Scanned with OKEN Scanner